Speed Post

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour/VC/Chhindwara/5/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
**Dated: 19.06.2017**

To,

The Chief Secretary,
Government of Madhya Pradesh,
Bhopal (Madhya Pradesh)

**Sub**: Tour Report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice- Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to District-Chhindwara, Madhya Pradesh State from 13.04.2017 to 17.04.2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose herewith a copy of tour report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, NCST to Madhya Pradesh from 13.04.2017 to 17.04.2017 for information and necessary action.

Yours faithfully,

(S.P. Meena)
**Assistant Director**

Copy for information and necessary action to:

1. The District Collector, District-Chhindwara (Madhya Pradesh).
2. The Assistant Director, National Commission for Scheduled Tribes, Regional Office Bhopal, Room No.309, Nirman Sadan, CGO Building, 52-A, Area Hills, Bhopal-462011(Madhya Pradesh)
3. NIC, NCST upload on the web site.

Tel.:011-24657271, 011-24615012, 011-24624714, Fax: 011-24604689, 011-24624191

# भारत सरकार
# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# प्रवास प्रतिवेदन

TOUR REPORT DATED 13/04/2017 TO 17/04/2017

**{DISTRICT CHHINDWARA}** जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश

**सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार**

---

सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार द्वारा दिनाँक 13 अप्रैल 2017 से 17 अप्रैल 2017 तक जिला छिन्दवाडा मध्य प्रदेश का प्रवास किया गया। आयोग मुख्यालय से बेतार संदेश संख्या TP/VC/NCST/2017/08 A दिनाँक 12/04/2017 द्वारा मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिरीक्षक, संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को तथा आयोग के मध्य प्रदेश स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक एवं अन्य सर्व संबंधितों को सूचित किया गया।

प्रवास का विस्तृत तिथिवार विवरण इस प्रकार से है :-

**<u>दिनाँक 13/04/2017</u>**

1) दिल्ली से वायुमार्ग से प्रस्थान कर नागपुर आगमन, शासकीय विश्रामग्रह रविभवन में स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उन से चर्चा की गई। रविभवन में बिरसामुंडा पत्रिका के संपादक एवं अन्य सदस्य, नेशनल आदिवासी पीपल्स फेडरेशन के अध्यक्ष तथा नेशनल आदिवासी वूमन्स फेडरेशन महासंध की अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों से मुलाकात की गई। तदुपरांत सडक मार्ग से छिन्दवाडा के लिये प्रस्थान।
2) बिरसामुंडा पत्रिका के संपादक श्री दिलीप मडावी जी ने मुलाकात कर अपनी पत्रिका एवं उसमें आदिवासियों के हितों के लिये उठाए जा रहे विषयों की जानकारी दी गई एवं बताया कि उनका समाचार पत्र आदिवासियों के उत्पीडन के विषयों को समाज, प्रशासन के समक्ष प्रमुखता, सजगता एवं ईमानदारी से प्रस्तुत करता है।
3) नेशनल आदिवासी वूमन्स फेडरेशन महासंघ की अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया जिसमें रेखांकित किया गया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से आदिवासियों तक नहीं पहूँच पाता है। व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा सरकार के समक्ष सही आँकड़े प्रस्तुत नहीं किये जा रहे हैं। आँकडों एवं वास्तविक प्रगति में काफी फर्क है, इस का परीक्षण कर सुधार किया जावे।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

4) नेशनल आदिवासी पीपल्स फेडरेशन के अध्यक्ष श्री दिलीप मडावी जी ने प्रतिनिधि मंडल के साथ मिलकर अपने संगठन की आदिवासियों के कल्याण के लिये चलाई जा रही गतिविधियों का विवरण दिया गया।





(नागपुर आदिवासी संगठनों से मुलाकात करते हुए)

<u>**दिनाँक 14/04/2017**</u>

5) दिनाँक 14 अप्रैल 2017 को भारत रत्न डॉ. बी. आर. अंबेडकर जी की 126 वीं जयंती के अवसर पर नगर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया गया जिसका विवरण इस प्रकार है।

6) स्थानीय सत्कार चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा पर बुद्धिस्ट सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवन उनकी शिक्षा उनके द्वारा आदिवासी समाज के लिये किये गये कार्यो की जानकारी समाज एवं उपस्थित नागरिकों को प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की गतिविधियों, कार्यप्रणाली के

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

बार में विस्तार से उपस्थित जन समूह को बताते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।







7) इस अवसर पर विधायक छिन्दवाडा, महापौर, नगर निगम छिन्दवाडा, कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी छिन्दवाडा, तथा अन्य प्रतिनिधि तथा प्रमुख अधिकारी गण उपस्थित रहे।

8) नगर निगम छिन्दवाडा द्वारा स्थानीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कैशलेस स्कीम के कार्यक्रम तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रजी मोदी के उदबोधन कार्यक्रम में भाग लिया गया।

9) दोपहर में अध्यक्ष, समता बौद्ध बिहार समिति छिन्दवाडा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्ति उपस्थित थे, उन्हें

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

बाबा साहब के जीवन चरित्र से रूबरू कराते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यकलाप गतिवधियों इत्यादि की जानकारी प्रदान की गई।





10) भारतीय डाक कर्मचारी संघ छिन्दवाडा द्वारा भी इस अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर गणेश चौक छिन्दवाडा में समरसता दिवस के रूप में एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ पदाधिकारी, कर्मचारी, सर्वश्री पोफली जी, श्री चन्देल जी, श्री श्रीवास्तव जी, डॉ गगन कोल्हे, इत्यादि उपस्थित हुए।





11) डाक कर्मचारी महासंघ द्वारा सम्मान किया गया तथा डॉ. अंबेडकर जी के विचारों, शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समरसता के महत्व को प्रतिपादित किया गया।

12) मैंने अपने उदबोधन में आयोग के गठन का उद्देश्य, कार्यकलाप, गतिविधियों का विस्तार से वर्णन करते हुए कर्मचारियों अपील की गई कि वे अपना दायित्व कर्त्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करें। यदि उनकी कोई समस्या हों तो उससे समय समय पर अवगत करावें। आयोग नियमानुसार सहयोग करेगा।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**दिनाँक15/04/2017**

13) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्थानीय विश्राम भवन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना गया।

14) परासिया के 20-25 व्यक्तियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी भूमि पर 50 वर्ष पूर्व पेंचव्हेली महाविद्यालय निर्मित कराया गया था जिसका मुआवजा नहीं मिला है। वर्तमान में आवेदकों के विगत 50 वर्षो से उस भूमि पर आवास बने हैं उस पर भी न्यायालय भवन बनाया जाना प्रस्तावित है, उनके आवास तोड़े जा रहे हैं। इस प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अतिरिक्त कलेक्टर छिन्दवाडा न्यायालय ने भी आवेदकों के पक्ष में निर्णय किया गया है।

15) प्रकरण की गहन सूक्ष्म एवं परीक्षण की आवश्यकता है। आवेंदन तथा न्यायालय के निर्णय की प्रति प्रथक से आयोग में प्रस्तुत की गई हैं। कार्यवाही आयोग स्तर से किया जाना उपयुक्त है, अनुशंसा की जाती है।

16) उक्त मांगों का प्रस्तुत ज्ञापन अलग से आयोग में प्रस्तुत कर दिया गया है। मध्यप्रदेश शासन स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराया जाने की अनुशंसा की जाती है।

**दिनाँक 16/04/2017**

17) शासकीय अवकाश, स्वंय के निवास पर जिले से आने वाले गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की गई।

**दिनाँक 17/04/2017**

18) निर्धारित कार्यक्रमअनुसार छिन्दवाडा से नागपुर होते हुए दिल्ली के लिये प्रस्थान ।

सुश्री अनुसुईया उइके
उपाध्यक्ष

नई दिल्ली
दिनाँक 20 अप्रैल2017

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi